आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 01.11.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 28.10.2019 से 02.11.2019 तक मनाये जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव के नेतृत्व में "सतर्कता बुलेटिन 2019" का विमोचन किया गया । महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में कहा कि भ्रष्टाचार एक जटिल समस्या हैं, जिसके लिये बहुआयामी कार्यवाही जरूरी हैं । इनमें से एक है प्रोद्योगिकी का प्रयोग, जिससे पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है । सार्वजनिक कार्यालयों में सरकारी कर्मचारियों से अपेक्षा कि जाती है कि वे पारदर्शिता और कुशल प्रशासन का प्रदर्शन करें ।

कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए उप मुख्य सतर्कता अधिकारी ने बताया कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान वाद–विवाद, व्याख्यान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं व भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के साथ–साथ भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए भ्रष्टाचार विरोधी उपायों तथा स्लोगन लेखन आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । सभी गतिविधियों में बच्चों व कर्मचारियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया ।

इस अवसर पर मुख्य प्रसाशनिक अधिकारी श्री आलोक कुमार, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री श्रीकांत राय, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री आर एन टोप्पो एवं सहायक सतर्कता अधिकारी श्री राम रंजन आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे ।

अमित 01.11.19

(अमित कुमार सिंह)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी